# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-11.09.2025**

**विषय:- स्कूल में चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त विक्की पटेल को थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, चोरी का सामान व 01 अदद बाइक बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की की रोकथाम तथा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के कुशल नेतृत्व में, थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-340/2025 धारा 331(4)/305ए बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित 01 नफ़र वांछित अभियुक्त विक्की पटेल पुत्र पूर्णमासी पटेल निवासी ग्राम तड़िया कोटवां थाना लोहता जिला वाराणसी को दिनांक-10.09.2025 को समय करीब 21.30 बजे टी0एफ0सी0 शिवपुर के बाउण्ड्री के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी का सामान (01 अदद टैबलेट व 01 अदद गैस सिलेण्डर) एवं 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के संबंध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 25.07.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने अज्ञात चोरों द्वारा प्राथमिक विद्यालय के कार्यालय सहित पाँच कमरों का ताला तथा ग्रिल आदि काटकर विद्यालय का सामान (विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, टैबलेट, सिलेण्डर आदि) चुराकर ले जाने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-340/2025 धारा 331(4)/305ए बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 अशोक कुमार सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त विक्की पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-24/25 जुलाई 2025 की रात को मैंने अपने 02 साथियों के साथ प्राइमरी स्कूल के जंगले की ग्रिल काटकर स्कूल के अन्दर रखे हुए टी0वी0, कम्प्यूटर, साउण्ड सिस्टम, गैस सिलेण्डर, कॉपी-किताब आदि सामान चोरी कर लिया था। मैंने अपने हिस्से का सामान टीएफसी के बगल में एक कोठरी में छुपा कर रखा था, जिसे लेने के लिए कल रात को चोरी की मोटरसाइकिल से आया था। मोटरसाइकिल को अन्दर कोठरी में खड़ा करके बाहर सामान बेचने के लिए मैं ग्राहक को लेने जा रहा था कि तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

विक्की पटेल पुत्र पूर्णमासी पटेल निवासी ग्राम तड़िया कोटवां थाना लोहता जिला वाराणसी, उम्र 22 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-** टी0एफ0सी0 शिवपुर के बाउण्ड्री के पास से, दिनांक-10.09.2025 को समय करीब 21.30 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

चोरी का सामान (01 अदद टैबलेट सैमसंग कंपनी व 01 अदद गैस सिलेण्डर इंडेन कंपनी) एवं 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेंडर बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0-340/2025 धारा 331(4)/305ए/317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1- उ0नि0 अशोक कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 गौरव सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 राजेश कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- का0 नितेश तिवारी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5- का0 बालमुकुन्द मौर्य थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**